an>

Title: Need to amend rules for the revivial of Mica industry.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) : सभापति महोदय, मैं सरकार का ध्यान आपके माध्यम से आकृष्ट करना चाहता हूं। झारखंड राज्य के कोडरमा संसदीय क्षेत्र में गिरडीह और कोडरमा जिले के अंतर्गत अभ्रक खनिज सम्पदा भारी मात्रा में मिलती रही है। इस खनिज सम्पदा के कारण कोडरमा और गिरडीह दुनिया के बाजार का एक बहुत बड़ा सेंटर हुआ करता था। आज की तारीख में सरकार की गलत नीतियों के कारण वह उद्योग पूरी तरह से चौपट हो गया है। अब वहां पर अभ्रक के छोटे-छोटे टुकड़े निकल रहे हैं जिन्हें ढिबरा के रूप में मजदूर चुनते हैं और उसका व्यापार होता है। किन्तु सरकारी नियम ढिबरा के रूप में अभ्रक के व्यापार करने का नहीं बनाये जाने के कारण और चूंकि यह मामला भारत सरकार के अधीन आता है उसके कारण हजारों मजदूर आज बेरोजगार हैं। जो व्यापारी उससे जुड़े हुए हैं वे प्रशासनिक पदाधिकारियों के चंगुल में फंसे हुए हैं, उनके द्वारा उनका शोषण हो रहा है। इसलिए मेरा अनुरोध है कि ढिबरा को नियमित करने के लिए नियम बनाए जाएं, नीतियां बनाई जाए और अभ्रक के उद्योग को फिर से जीवंत करने के लिए वहां पर नये सिरे से सर्वे कराने की ज्यूलॉजी विभाग को हिदायत दी जाए।

माननीय सभापति : श्री कौशलेन्द्र कुमार। - उपस्थित नहीं।